स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को लेकर आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने समीक्षा बैठक बुलाई

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में तीसरा फेस स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को लेकर समीक्षा बैठक बुलाई गई। भिलाई के सभी वार्डो में साफ–सफाई को विशेष ध्यान में रखते हुए कार्य कराया जाना है। इसके लिए वार्ड अनुसार नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये है। प्रत्येक जोन में स्वच्छ सर्वेक्षण हेतु जोन स्तर पर भी नोडल अधिकारी नियुक्त किये है। प्रत्येक जोन के जोन स्वास्थ्य अधिकारी, जोन के सुपरवाइजर, स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए दिये गये मापदण्डो के अनुरूप कार्य करवायेगें। स्वास्थ्य अधिकारी सभी को मॉनिटरिंग करेगें, प्रत्येक गतिविधियो की रिपोर्ट आयुक्त को देगें। भिलाई को नम्बर 1 बनाने के लिए स्वच्छ सर्वेक्षण में विभिन्न प्रकार के स्वच्छता गतिविधियो से ही नम्बर 1 बनाया जा सकता है। प्रत्येक गतिविधि के लिए अलग–अलग मार्किग शासन द्वारा निर्धारित किया गया है। सिटीजन फिट बैक में 600 का मार्क है, ब्राण्ड एमबेसडर में 30 का मार्क है। शहर में पुरूष एवं महिलाओ द्वारा स्वच्छता क्षेत्र में किये गये अच्छे कार्यो के लिए स्वच्छता चौम्पियन में 25 मार्क, हाउसिंग एवं अर्बन एफियर्स में चलाये गये कैपेन में 100 मार्क, सिंगलयुज प्लास्टिक अभियान में 50 मार्क। ऑन साइड वेट वेस्ट प्रोसेसिंग होम कम्पोस्टिग में 70 मार्क। शिकायतो का निराकरण स्वच्छता एप एवं लोकल एप में 100 मार्क। प्रति माह सफाई के पैमाने पर वार्डो की रैकिंग स्वच्छ वार्ड रैकिंग 320 मार्क। इस प्रकार सफाई के विभिन्न गतिविधियों पर स्वच्छ सर्वेक्षण में मार्किग होगा। स्वच्छ सर्वेक्षण के अतिरिकत विभिन्न शिकायतो का निराकरण, राजस्व वसूली, अवैध कब्जा रिक्त, पेयजल, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, निर्माण, मौसमी बिमारियो से बचाव हेतु किये जा रहे उपायो आदि के बारे में समीक्षा की गई। आयुक्त ने सभी अधिकारी कर्मचारियो से समन्वय बनाकर मिलकर कार्य करने को कहा। प्रत्येक कार्य के लिए जनप्रतिनिधियो, वार्ड पार्षदगण, वरिष्ठ नागरिक, स्व सहायता समूह के सदस्यो, मितानीनो, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, चेम्बर के पदाधिकारियो, गणमान्य नागरिको आदि सभी से सहयोग लेना है। सबके संयुक्त प्रयास एवं सुझाव से ही अपने भिलाई को स्वच्छ सर्वेक्षण में अग्रणी बना सकते है।